दिनांक 24.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर निगम क्षेत्र में हुए अवैध कब्जों को मुक्त करने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में जोनवार बेदखली अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के जीई रोड के उत्तर दिशा में जोन का राजस्व अमला मुख्य कार्यालय का तोड़फोड़ दस्ता ने पुलिस प्रशासन की मौजुदगी में न्यू बसंत टॉकिज से नंदनी रोड नाला तक शुक्रवार को वृहद बेदखली अभियान चलाकर 80 छोटे-बड़े अवैध कब्जे को हटाया।

आयुक्त के0एल0 चौहान ने कलेक्टर एवं निगम जनदर्शन में शहर में बड़ रहे अवैध कब्जे के प्राप्त आवेदनों को संज्ञान में लेकर सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया था कि अपने जोन क्षेत्र में हुए अवैध कब्जे की सूची तैयार कर चिन्हित करते हुए अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर 7 दिवस के भीतर किये गये अतिक्रमण हटाने को कहें और नोटिस में मियाद पुरे होने पर अभियान चलाकर अवैध कब्जे को बेदखल करें। जिसके लिए आयुक्त ने सप्ताह में दो दिन शुक्रवार एवं शनिवार को अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाने के लिए निर्धारित किया था। जोन 03 का राजस्व अमला जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की मौजुदगी में न्यू बसंत सिनेमा के सामने से सड़क के किनारे किये गये अवैध कब्जे को प्रातः 11 बजे से बेदखल करने की कार्यवाही प्रारम्भ किया।

जनता मार्केट में जब बेदखली अभियान की टीम पहुंची तो वहॉ के व्यापारियों ने निगम के अधिकारियों से शिकायत किये कि पुरानी कंडम वाहनों को खड़ी कर निगम द्वारा सीमेंटीकृत किये गये गली को अवरोध कर रखा है जिसपर गली में खड़े कंडम कार को जेसीबी द्वारा हटाकर जब्त किया गया। जब्ती के बाद गली में खड़े अन्य वाहनों को आनन फानन में लोग हटा लिये। वाहन विक्रेता के द्वारा सर्विस रोड पर निगम से बिना अनुमति लिए वाहन मेला का पण्डाल लगाकर वाहन का विक्रय किया जा रहा था जिसका टेण्ट को जब्त कर अर्थदण्ड वसुला गया। शिवा फ्लेक्स के सामने सड़क पर गडढ़ा खोदकर बनाये गये सर्विसिंग सेंटर के गड्ढ़े को बंद किया गया। जगदम्बा स्वीट्स में दुकान के बाहर आबंटित भूमि के अतिरिक्त बनाये गये सिढ़ी को अभियान के तहत् तोड़ा गया। पावर हाउस ओवरब्रिज के नीचे आबंटित गुमटी के अतिरिक्त टपरा लगाकर किये गये अतिक्रमण को हटाकर बांस बल्ली जब्त किया गया। इसी प्रकार कुल 80 छोटे-बड़े अवैध कब्जो पर कार्यवाही कर मार्ग में हुए अतिक्रमण को हटाया गया। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा है कि शहर की यातायात को सुगम बनाने सड़क पर किये गये अतिक्रमण को व्यापारी स्वयं हटाकर निगम का सहयोग करें बेदखली अभियान जोनवार लगातार प्रत्येक सप्ताह चलाया जायेगा।

कार्यवाही में जोन आयुक्त बी0के0 देंवागन, सहायक अभियंता वेशराम सिन्हा, नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चन्द्राकर, विनोद चन्द्राकर, संजय वर्मा, रामायण

सिंह, टिकेन्द्र वर्मा, रोहित यादव, पुलिस प्रशासन के एसआई अशोक यादव, अवधिया चन्द्राकर, लल्लन सिंह, के0आर0 धीरेन्द्र, एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजुद थे।

जनसम्पर्क अधिकारी